## महाविद्यालय के सत्र 2024-25 में सम्पन्न विविध गतिविधियों की झलक



Ramnagar P.G. College, Ramnagar, Barabanki-225205
E-mail : mail.rpgc@gmail.com

# रामनगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## रामनगर, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश – 225205

(सम्बद्ध – डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, उ0प्र0)




## प्रवेश–विवरणिका सत्र : 2025-26

# रामनगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय


**रामनगर, बाराबंकी, उत्तर प्रदेश – 225205**

(सम्बद्ध डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या उ.प्र.)

E-mail : mail.rpgc@gmail.com 9336627607
www.ramnagarpgcollege.org


## सन्देश



नये सत्र के पावन अवसर पर आप सभी का इस महाविद्यालय में हार्दिक स्वागत है। रामनगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, बाराबंकी (उ0प्र0) ने स्थापना अवधि से अद्यतन अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के कारण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनायी है। इस महाविद्यालय का छात्र या पूर्व-छात्र होने का अपना अलग गौरव है। इस उत्कृष्ट संस्था के यश व गौरव में सहभागिता की सुखद अनुभूति हम सभी में अपेक्षित दायित्व-बोध उत्पन्न करती है।

इसलिए हमारा प्रयास है कि राज्य, देश और विश्व के निरन्तर बदलते हुए परिवेश के अनुकूल अपने विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर सकें, ताकि वे जब यहाँ से शिक्षित और प्रशिक्षित होकर नई जिम्मेदारी संभालें तो उन्हें कहीं अनुपयुक्त होने का बोध न हो। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के गुणात्मक विकास के लिए उच्च शिक्षा के योगदान में हमारे महाविद्यालय की भूमिका सराहनीय हो, यही हमारा ध्येय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 का क्रियान्वयन सत्र 2021-22 से प्रारंभ हो चुका है जिसमे विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा एवं पाठ्य सहगामी क्रिया कलापो से व्यक्तित्व विकास के नूतन अवसर उपलब्ध हो रहे है।

इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय के विविध कार्य-कलापों, ज्ञान-विज्ञान के अध्ययन-अध्यापन और महाविद्यालय में सम्पादित अन्य अनेक कार्यों की संक्षिप्त सूचना-संहिता मुद्रित करके प्रवेशार्थियों, अभिभावकों और अन्य जिज्ञासु महानुभावों के प्रयोग के लिए प्रकाशित की गई है।

आशा है नवीन सत्र 2025-26 के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने के लिए यह विवरण पुस्तिका मार्गदर्शन में उपयोगी सिद्ध होगी।

शुभकामनाओं, सहित,

प्रो0 कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र
प्राचार्य

## महाविद्यालय के सत्र 2024-25 में सम्पन्न विविध गतिविधियों की झलक

